कार्यालय,रक्षा लेखा महानियंत्रक,
पालमरोड, दिल्ली छावनी-110010

(हिंदी कक्ष)

**सं0 55018/5/81/हि.क./रा.भा.का.स./मु.का./29** **दिनांक : 21 अक्टूबर, 2019**

**विषय : रक्षा लेखा महानियंत्रक कार्यालय की दिनांक 11 अक्टूबर, 2019 को आयोजित राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक का कार्यवृत्त।**

********

इस मुख्यालय कार्यालय की दिनांक 11 अक्टूबर, **2019** को आयोजित राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक का कार्यवृत्त जारी कर दिया गया है तथा इसे रक्षा लेखा महानियंत्रक कार्यालय की वैबसाइट **cgda.nic.in** से डाउन लोड कर लिया जाए।

अनुरोध है कि आपके कार्यालय/ अनुभाग से संबंधित मदों पर तत्काल उचित कार्रवाई की जाए और की गई कार्रवाई से इस मुख्यालय कार्यालय/हिन्दीकक्ष को अवगत कराने का कष्ट करें।

रक्षा लेखा महानियंत्रक के अनुमोदन से जारी।

**संलग्नक** : यथोपरि

(श्रीनिवास शर्मा)
सहायक निदेशक(राजभाषा)

01. निदेशक (राजभाषा), कमरा न. 240, 'बी विंग' सेना भवन, नई दिल्ली-110011
02. सभी रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक/रक्षा लेखा नियंत्रक
03. मुख्यालय कार्यालय की राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सभी सदस्य
04. मुख्यालय कार्यालय के सभी वरिष्ठ लेखा अधिकारी/लेखा अधिकारी
05. मुख्यालय कार्यालय के सभी अनुभाग
06. सूचना प्रद्योगिकी एवं प्रणाली कक्ष (स्थानीय) : वैबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
07. आदेश फाइल।

**कार्यालय, रक्षा लेखा महानियंत्रक**
**उलन बटार रोड, पालम, दिल्ली छावनी-110010**

**विषय : कार्यालय, रक्षा लेखा महानियंत्रक की दिनांक 11 अक्टूबर, 2019 को आयोजित राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक का कार्यवृत्त।**

इस मुख्यालय कार्यालय की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की वर्ष 2019 की तृतीय तिमाही बैठक दिनांक 11 अक्टूबर, 2019 को पूर्वाह्न में 11:00 बजे श्री संजीव मित्तल, भा.र.ले.से. रक्षा लेखा महानियंत्रक की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में निम्नलिखित सदस्यों ने भाग लिया:

1. श्री प्रवीन कुमार, भा.र.ले.से., रक्षा लेखा वरिष्ठ संयुक्त महानियंत्रक (प्रशा.)
2. डॉ. अमित गुप्ता, भा.र.ले.से.,रक्षा लेखा वरिष्ठ उप महानियंत्रक (प्रशा.)
3. श्रीमती प्रियंका चंद्रा, भा.र.ले.से.,रक्षा लेखा वरिष्ठ उप महानियंत्रक (वित्त, लेखा एवं बजट)
4. श्री राजीव रंजन कुमार, भा.र.ले.से.,रक्षा लेखा उप महानियंत्रक (प्रशा.)
5. श्री याद राम, वरिष्ठ लेखा अधिकारी (लेखा एवं बजट)
6. श्री सतीश कुमार, वरिष्ठ लेखा अधिकारी (लेप.-V)
7. श्री महेश कुमार, वरिष्ठ लेखा अधिकारी (प्रशा.- 4)
8. श्री सुभाष चंद गुप्ता, वरिष्ठ लेखा अधिकारी, (लीगल सैल, प्रशा-11)
9. श्री सुमन कुमार वर्मा, वरिष्ठ लेखा अधिकारी (सेना / बी.आर.)
10. श्री मुकेश शर्मा, वरिष्ठ लेखा अधिकारी (प्रशा.-5/9/10)
11. श्री वी.वी.एस. ब्रह्माजी राव, लेखा अधिकारी (प्रशा-13)
12. श्री देवेन्द्र मोहन, लेखा अधिकारी (प्रशा. 6/8)
13. श्री अवधेश कुमार श्रीवास्तव, लेखा अधिकारी (लेखा-पेंशन)
14. सुश्री एम. तिलगावती, लेखा अधिकारी, (प्रशा-3/प्रशा-शिकायत/आर.टी.आई.)
15. श्रीनिवास शर्मा, सहायक निदेशक (रा.भा.)

अन्य उपस्थिति –

1. श्रीमती काकोली दत्ता, वरिष्ठ अनुवादक
2. श्रीमती वॉइलेट खैलख़ो, वरिष्ठ अनुवादक
3. श्रीमती रुचिता सहाय, वरिष्ठ अनुवादक
4. श्री पंकज दलाल, कनिष्ठ अनुवादक
5. श्री रवि कुमार, कनिष्ठ अनुवादक

सदस्य सचिव द्वारा अध्यक्ष महोदय एवं अन्य सदस्यों के स्वागत के उपरांत बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ हुई। बैठक में निम्नलिखित महत्वपूर्ण मदों पर विचार-विमर्श किया गया:-

**मद सं. 1 : दिनांक 28 जून, 2019 को आयोजित बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि :**

राजभाषा कार्यान्वयन समिति की पिछली बैठक दिनांक 28 जून, 2019 को आयोजित की गई थी। बैठक का कार्यवृत्त और सूचना बिन्दु अपेक्षित कार्रवाई के लिए रक्षा लेखा महानियंत्रक कार्यालय की वैबसाइट पर अपलोड कर दिये गये थे। किसी भी सदस्य से कार्यवृत्त के संबंध में कोई आपत्ति अथवा सुझाव प्राप्त न होने पर समिति द्वारा सर्वसम्मति से कार्यवृत्त की पुष्टि मान ली गई।

**मद सं. 2 : पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों पर अनुवर्ती कार्रवाई:**

सदस्य सचिव ने सूचित किया कि पिछली बैठक में लिए गए निर्णयानुसार सरकारी कार्य हिंदी में निष्पादित करने के प्रयास किये गए फलतः पिछली तिमाही की तुलना में मुख्यालय कार्यालय के हिंदी पत्राचार में वृद्धि दर्ज की गई है। अध्यक्ष महोदय ने इसकी प्रशंसा की और सलाह दी कि इस प्रतिशतता में गिरावट न आने पाए, और जहाँ तक सम्भव हो कार्य हिंदी में निष्पादन की मात्रा और बढ़ाई जाए।

हिन्दी पत्राचार में वृद्धि को और गति प्रदान करने के लिए नेमी प्रकृति के कार्यों जैसे अग्रेषण पत्रों, शून्य रिपोर्टें आदि हिंदी में भेजना सुनिश्चित करने का आदेश दिया। हिंदी पत्राचार में बोलचाल की भाषा का अधिकाधिक प्रयोग किया जाए।

**[कार्रवाई : सभी अनुभाग (स्थानीय)]**

**मद सं. 3: मार्च, 2019 तथा जून, 2019 की हिंदी के प्रगामी प्रयोग से संबंधित तिमाही प्रगति रिपोर्टों की समीक्षाः**

सदस्य सचिव ने मार्च, 2019 तथा जून, 2019 की तिमाहियों के हिंदी के प्रगामी प्रयोग से संबंधित रिपोर्टों के आंकड़े समिति के समक्ष प्रस्तुत किए। राजभाषा के कार्यनिष्पादन में जिन अनुभागों के आंकड़ों में पिछली तिमाही की तुलना में बढ़ोतरी हुई है अध्यक्ष महोदय ने उनकी सराहना की और निर्देश दिए कि आगामी तिमाही में हिन्दी कार्य में और वृद्धि सुनिश्चित की जाए। वार्षिक कार्यक्रम के अनुसार 'ग' क्षेत्र के साथ हिंदी पत्राचार का लक्ष्य 65% का है, जबकि मुख्यालय ने 'ग' क्षेत्र के कार्यालयों के साथ हिंदी पत्राचार के लक्ष्य से अधिक प्रतिशतता प्राप्त कर ली है। चूंकि संसदीय राजभाषा समिति निरीक्षण के दौरान दस्तावेज़ों की जाँच करती है, अतः अनुभागों के प्रभारियों को निर्देश दिए गए कि वे आंकड़ों की सत्यता जाँच लें। जिन अनुभागों का हिंदी पत्राचार का प्रतिशत पिछली तिमाही की तुलना में कम हुआ है, उन अनुभागों को विशेष रूप से कहा गया कि वे अपने अनुभाग के प्रत्येक कार्यक्षेत्र में राजभाषा का अधिकाधिक प्रयोग करें।

**[कार्रवाई : सभी अनुभाग (स्थानीय)]**

**मद सं. 4: हिन्दी प्रशिक्षण की स्थिति:**

समिति को सूचित किया गया कि मुख्यालय कार्यालय में 29 आशुलिपिक तथा 21 लिपिक हैं जिनमें से 17 आशुलिपिकों तथा 10 हिंदी लिपिकों को क्रमशः हिंदी आशुलिपि एवं हिंदी टंकण का ज्ञान प्राप्त है। शेष आशुलिपिकों को हिंदी आशुलिपि प्रशिक्षण हेतु अगले सत्र में नामित किया जाएगा। इस सत्र में 02 लिपिक हिंदी टंकण प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। पत्राचार पाठ्यक्रम से जुड़े प्रशिक्षार्थियों को मुख्यालय के हिंदी कक्ष में हिंदी टंकण का प्रशिक्षण दिया जाता है।

अध्यक्ष महोदय ने हिंदी टंकण प्रशिक्षण की स्थिति पर संतोष प्रकट किया और निर्देश दिया कि शेष लिपिकों को भी आगामी सत्रों में नामित कर सभी लिपिकों को यथाशीघ्र प्रशिक्षित कर दिया जाए। साथ ही उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि मुख्यालय कार्यालय में व्यस्तता और कार्यों की समयबद्धता को देखते हुए आशुलिपिकों की प्रशिक्षण अवधि को कम करने एवं इसके लिए ऑनलाइन या पत्राचार मांध्यम द्वारा प्रशिक्षण के लिए राजभाषा विभाग के सचिव को अर्ध शासकीय पत्र लिखा जाए।

**(कार्रवाई : हिन्दी कक्ष)**

**मद सं. 5 : हिन्दी कार्यशाला का आयोजन:**

सदस्य सचिव ने समिति को सूचित किया कि रक्षा लेखा विभाग में हिंदी संवर्ग से संबंधित भर्ती नियमानुसार कनिष्ठ अनुवादक से वरिष्ठ अनुवादक के ग्रेड में पदोन्नति हेतु गुरुग्राम स्थित अधिकारी प्रशिक्षण संस्थान में दो सप्ताह का

विभागीय प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिसमें विभाग के विभिन्न कार्यालयों में तैनात कनिष्ठ अनुवादकों को भाग लेने के लिए बुलाया जा रहा है। विभागीय प्रशिक्षण का यह दूसरा सत्र होगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में लिए गए विषयों में रक्षा लेखा विभाग का परिचय, इतिहास, संरचना और कार्य-प्रणाली के साथ-साथ राजभाषा नीति, एवं राजभाषा संबंधी संवैधानिक प्रावधान पर व्याख्यान दिए जाते हैं।

**मद सं. 6: रक्षा लेखा विभाग में हिन्दी पदों की स्थिति:**

(क) सदस्य सचिव द्वारा विभाग में वर्तमान में हिन्दी संवर्गीय पदों की निम्नलिखित स्थिति समिति के समक्ष प्रस्तुत की गई:

| | स्वीकृत पद | भरे गए पद | रिक्त पद |
|---|---|---|---|
| सहायक निदेशक(राजभाषा) | 37 | 13 | 24 |
| वरिष्ठ अनुवादक | 35 | 35 | - |
| कनिष्ठ अनुवादक | 70 | 44 | 26 |

रक्षा लेखा वरिष्ठ उप महानियंत्रक (प्रशासन) ने समिति को सूचित किया कि सहायक निदेशक (राजभाषा) पद के भर्ती नियमों में संशोधन का प्रस्ताव रक्षा मंत्रालय (वित्त प्रभाग) को भेज दिया गया है, जिसके अंतर्गत सहायक निदेशक(राजभाषा) के पद को समूह 'क' में रखते हुए इसे शत-प्रतिशत पदोन्नति द्वारा भरने का प्रस्ताव किया गया है। इसके अतिरिक्त कनिष्ठ अनुवादकों की भर्ती के लिए भी कर्मचारी चयन आयोग को मांग पत्र भेजा गया है।

अध्यक्ष महोदय ने निर्देश दिया कि कनिष्ठ अनुवादक के सभी 26 रिक्त पदों से संबंधित एक संशोधित मांग-पत्र कर्मचारी चयन आयोग को पुनः भेजा जाए। साथ ही उन्होंने प्रशासन अनुभाग को इस संभावना का पता लगाने के निर्देश दिये कि क्या हमारे विभाग में भी हिंदी संवर्ग के उच्च पद (निदेशक, संयुक्त निदेशक, उप-निदेशक) सृजित किए जा सकते हैं? यदि ऐसा होगा तो राजभाषा कर्मियों को पदोन्नति के समुचित अवसर प्राप्त हो सकेंगे।

**(कार्रवाई: प्रशासन-8 अनुभाग)**

**मद संख्या: 7 रक्षा लेखा विभाग के कार्यालयों का राजभाषा निरीक्षण:**

सदस्य सचिव ने समिति को सूचित किया कि गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग ने अपने वार्षिक कार्यक्रम 2019-20 में प्रत्येक विभाग/संगठन के न्यूनतम 25% कार्यालयों का राजभाषा निरीक्षण करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। तदनुसार, विभाग के सभी र.ले.प्र.नि./र.ले.नि. कार्यालयों से वर्ष 2019-20 के निरीक्षण कार्यक्रम प्राप्त हो गए हैं तथा उनके द्वारा अपने-अपने संगठन में राजभाषा संबंधी निरीक्षण किए जा रहे हैं। इसी क्रम में मुख्यालय कार्यालय द्वारा भी अपने अधीनस्थ कार्यालयों का निरीक्षण किया जा रहा है। अब तक र.ले.प्र.नि. (द.क.), पुणे और र.ले.प्र.नि.(अफ़सर), पुणे कार्यालयों के निरीक्षण किए जा चुके हैं तथा शीघ्र ही दूसरे कार्यालयों के निरीक्षण भी कर लिए जाएंगे। अध्यक्ष महोदय ने मुख्यालय सहित सभी र.ले.प्र.नि./र.ले.नि. कार्यालयों को लक्ष्यानुसार निरीक्षण करने के निर्देश दिए।

**(कार्रवाई: हिंदी कक्ष (स्थानीय) तथा सभी र.ले.प्र.नि./र.ले.नि. कार्यालय)**

**मद संख्या: 8 संसदीय राजभाषा समिति द्वारा निरीक्षण :**

सदस्य सचिव ने सूचित किया कि संसदीय राजभाषा समिति द्वारा वर्ष 2018-19 के दौरान विभाग के कार्यालयों का निम्नानुसार निरीक्षण किया गया। इन निरीक्षणों से संबंधित किसी भी प्रकार की कार्रवाई मुख्यालय अथवा संबंधित कार्यालयों के स्तर पर लंबित नहीं है।

| क्र.सं | कार्यालय का नाम | निरीक्षण की तारीख | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|
| 01. | क्षेत्रीय लेखा कार्यालय, सिलीगुड़ी | 22.05.2018 | संसदीय राजभाषा समिति द्वारा उक्त कार्यालयों के निरीक्षणों के दौरान कार्यालय प्रमुखों द्वारा समिति को दिए गए आश्वासनों की सूची अभी प्रतीक्षित है। सूची प्राप्त होने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। |
| 02. | लेखा अधिकारी, दुर्ग अभियंता, गंगटोक | 24.05.2018 | |
| 03. | रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक (वायुसेना), देहरादून | 08.06.2018 | |
| 04. | रक्षा लेखा नियंत्रक(पें.सं.) मेरठ | 17.01.2019 | |
| 05. | रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक (म.क.)लखनऊ | 08.09.2018 | संबंधित कार्यालय से प्राप्त अनुवर्ती कार्रवाई की समीक्षा के उपरांत सचिवालय भेजने हेतु मंत्रालय को प्रेषित कर दी गई है। |
| 06. | रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक (पेंशन),इलाहाबाद | 11.09.2018 | |
| 07. | वेतन लेखा कार्यालय (अ.श्रे.), जे.आर.सी., बरेली | 07.05.2018 | |

**मद संख्या : 9 हिंदी पखवाड़ा 2019 पर चर्चा :**

सदस्य सचिव ने आगे बताया कि मुख्यालय में गत माह में दो महत्वपूर्ण समारोह यथा 'हिंदी पखवाड़ा' और 'रक्षा लेखा विभाग स्थापना दिवस' मनाए गए। इस दौरान आयोजन संबंधी सभी कार्य पूर्णतः हिंदी में निष्पादित एवं संचालित किए गए।

हिन्दी के प्रयोग की झिझक को दूर करने के उद्देश्य से हिन्दी ज्ञान प्रतियोगिताएं, हिन्दी टंकण प्रतियोगिताएं, हिन्दी प्रश्नोत्तरी और वाद-विवाद प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। इस पर अध्यक्ष महोदय ने निर्देश दिए कि प्रतियोगिताओं की संख्या में वृद्धि की जाए और सभी प्रतियोगिताएं केवल हिंदी पखवाड़े के दौरान आयोजित न करके अन्य तिमाहियों में भी आयोजित की जाएं ताकि पखवाड़े के दौरान कार्य का दबाव न रहे। साथ ही कार्यालय के कार्मिकों को पूरे साल हिंदी में कार्य करने के लिये प्रोत्साहित किया जा सके। इसके अतिरिक्त अगले वर्ष राजभाषा समारोह के अवसर पर कवि सम्मेलन एवं दूसरे सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएं।

सदस्य सचिव ने सूचित किया कि हिंदी दिवस के अवसर पर रक्षा लेखा महानियंत्रक कार्यालय की गृह पत्रिका 'रक्षा लेखा भारती' के 29वें अंक का विमोचन किया गया। अध्यक्ष महोदय का सुझाव था कि कार्यालय के उच्च्च अधिकारियों को भी पत्रिका में लेख इत्यादि लिखने के लिए आगे आना चाहिए। इससे पत्रिका की गरिमा बढ़ेगी।

**मद संख्या : 10 रक्षा मंत्रालय से प्राप्त महत्वपूर्ण पत्रों पर चर्चा :**

(क) सदस्य सचिव ने समिति को सूचित किया कि रक्षा मंत्रालय से दिनांक 24 जुलाई, 2019 का पत्र संख्या 20(1)/2019-रक्षा(रा.भा.-1) कार्यालय में प्राप्त हुआ है। पत्र में मंत्रालय ने अधीनस्थ कार्यालयों द्वारा अपनी आर.आर.ऑथरिटी एवं आई.एफ.डी. के परामर्श से वरिष्ठ अनुवादक तथा कनिष्ठ अनुवादक के पदनाम को क्रमशः वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी तथा कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी के रूप में परिवर्तित करने का निर्देश दिया है। इस पर अध्यक्ष महोदय ने संबंधित अनुभाग को तत्काल अपेक्षित कार्रवाई करने का आदेश दिया।

**(कार्रवाई: प्रशासन-8 अनुभाग)**

(ख) सदस्य सचिव ने सूचित किया कि उन्होंने दिनांक 27.09.2019 को रक्षा मंत्रालय में आयोजित राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक में मुख्यालय कार्यालय के प्रतिनिधि के रूप में भाग लिया। उस बैठक में उपस्थित सदस्यों को सूचित किया गया कि माननीय रक्षा मंत्री जी मंत्रालय के किसी ऐसे अधीनस्थ कार्यालय का दौरा करना चाहते हैं

जहाँ पूरा कार्य हिंदी में निष्पादित किया जाता हो। अध्यक्ष महोदय का सुझाव था कि कि चूंकि मुख्यालय में अधिकांश कार्य हिन्दी में किया जा रहा है, अतः माननीय रक्षा मंत्री जी को मुख्यालय कार्यालय में आमंत्रित किया जा सकता है। सभी सदस्यों ने इससे सहमति जताई।

**मद संख्या: 11 अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य विषय :**

(क) अंत में अध्यक्ष महोदय ने समिति के सभी सदस्यों को आह्वान किया कि मुख्यालय के सभी कार्मिकों को हिंदी में कार्य करने का प्रयत्न करना चाहिए जिसमें बोलचाल की भाषा का अधिक प्रयोग हो। उन्होंने उपस्थित सभी सदस्यों से राजभाषा कार्यान्वयन से संबंधित उनके सुझाव आमंत्रित किए। श्री सतीश कुमार, वरिष्ठ लेखा अधिकारी ने बताया कि सीपीग्राम में हिन्दी में कार्य करने की सुविधा नहीं है। इस संबंध में अध्यक्ष महोदय ने निर्देश दिया कि सीपीग्राम में हिन्दी में कार्य करने की संभावनाएं तलाश की जाएं।

**(कार्रवाई: सूचना प्रौद्यो. एवं प्र. कक्ष/ हिंदी कक्ष)**

(ख) हिंदी पुस्तकों की खरीद पर चर्चा के दौरान सदस्य सचिव ने बताया कि कार्यालय के लिए वार्षिक कार्यक्रम के अनुसार हिन्दी पुस्तकों की खरीद की जानी है। अध्यक्ष महोदय ने आदेश दिया गया कि पुस्तकों के चयन के लिए एक समिति गठित की जाए जो विभिन्न पुस्तक प्रकाशकों से सम्पर्क कर पुस्तक प्रदर्शनी के माध्यम से हिंदी पुस्तकों का चयन कर ले।

**(कार्रवाई:हिंदी कक्ष)**

अंत में अध्यक्ष महोदय को धन्यवाद देने के साथ बैठक की कार्यवाही संपन्न हुई।

**(श्रीनिवास शर्मा)**
**सहायक निदेशक (रा.भा.) सह सदस्य सचिव**